बिहार सरकार

समाहरणालय, सीतामढ़ी

(जिला स्थापना प्रशाखा)

प्रेस विज्ञप्ति

समाहरणालय सीतामढ़ी के अंतर्गत वर्ष 2015 के आरक्षण रोस्टर के अनुसार सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना के ज्ञापांक–10000, दिनांक–10.07.2015 के आलोक में संविदा पर आशुलिपिक के रिक्त पद पर नियोजन हेतु नीचे अंकित आरक्षण कोटिवार रिक्त पदों के विरुद्ध आवेदन–पत्र आमंत्रित किये जाते है। आवश्यकतानुसार पदों की संख्या में वृद्धि की जा सकती है।

क्रमांक	आरक्षण कोटि	रिक्ति
1	अनुसूचित जाति	1
2	अत्यंत पिछड़ा वर्ग	3
3	पिछड़ा वर्ग	1
4	पिछड़ा वर्ग महिला	1
	कुल :–	06

शर्तें :– 1) नियोजन योगदान की तिथि से अगले एक वर्ष या 65 वर्ष की आयु अथवा नियमित नियुक्ति जो पहले हो, के लिए की जायेगी।

2) नियोजन की अवधि में नियोजित व्यक्ति को सेवा निवृत्ति के साथ प्राप्त वेतन+महँगाई भत्ता में से पेंशन+महँगाई राहत की राशि घटाकर प्रतिमाह मानदेय (पारिश्रमिक) का भुगतान किया जायेगा। उक्त नियत मानदेय में नियोजन की अवधि में कोई परिवर्त्तन नहीं होगा। इस पर कोई भत्ता अनुमान्य नहीं होगा।

3) सामान्य प्रशासन विभाग के संकल्प ज्ञापांक–2401, दिनांक–18.07.2007 की कंडिका–5 के अनुसार संविदा के आधार पर नियोजन के पश्चात् अवधि (1 वर्श) के लिए मात्र 12 (बारह) दिनों का आकस्मिक अवकाश देय होगा इसके अतिरिक्त कोई अन्य अवकाश देय नहीं होगा।

4) संविदा कर्मियों का नियोजन किसी भी समय समाप्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।

5) संविदा पर नियोजन हेतु मात्र सेवानिवृत्त आशुलिपिक का ही आवेदन पत्र मान्य होगा।

6) यह नियुक्ति नियमित नहीं मानी जायेगी तथा नियमित नियुक्ति के पश्चात् यह नियुक्ति स्वतः रद्द समझी जायेगी।

7) चयन की प्रक्रिया:–प्राप्त आवेदनों का चयन समिति द्वारा समीक्षा कर संविदा नियोजन हेतु निर्णय लिया जायेगा एवं समिति का निर्णय अंतिम होगा।

8) विज्ञापन को किसी भी समय रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा।

9) आवेदक अपना आवेदन विहित प्रपत्र में प्रेस विज्ञप्ति प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के अंदर जिला स्थापना प्रशाखा, सीतामढ़ी में समर्पित करेंगे।

जिला पदाधिकारी,
सीतामढ़ी

आवेदन का प्रपत्र

आवेदक का नाम :–

जन्म तिथि :– ....

कोटि (अनुसूचित जाति, अत्यंत पिछड़ा वर्ग, पिछड़ा वर्ग एवं पिछड़ा वर्ग महिला) :– ....

शैक्षणिक योग्यता :– ....

कार्य अनुभव का ब्यौरा (बायोडाटा संलग्न करना अनिवार्य है) :– ....

पिता का नाम :– ....

पता :– ....

मोबाईल / दूरभाष संख्या / ई–मेल :– ....

सेवा निवृत्ति की तिथि एवं उस समय धारित पद :– ....

अंतिम वेतनमान :– ....

अंतिम वेतन :– ....

कार्यालय का नाम :– ....

पेंशन की राशि :– ....

नोट :– उपर्युक्त सूचनाओं से संबंधित साक्ष्य / प्रमाण की स्व–अभिप्रमाणित प्रति संलग्न करें।

PR. No. 16336 (Collectriate) 2022-23

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।